
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**07 सितंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

ईर्ष्या या घृणा को प्रेम से ही खत्म किया जा सकता है।

**गौतम बुद्ध**



राकेश कुमार


मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस



19 दिसंबर 2019 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 7 सितंबर को नीले आसमान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस मनाने का प्रस्ताव स्वीकार किया था। वायु प्रदूषण की समस्या को रेखांकित करते हुए 2014 मैं सरकार ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की निगरानी शुरू की थी और आज आठ मानकों पर प्रदुषण के स्तर पर नजर रखी जा रही है। केन्दीय पर्यावरण मंत्री के अनुसार देश में अब बीएस-VI मानकों को अपनाया गया है और गुणवत्ता वाले पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराए गए हैं,जो प्रदुषण से लडने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। पिछले कुछ सालों में सरकार द्वारा सड़कों और राजमार्गो का निर्माण रिकार्ड गति से किया जा रहा है और इसके कारण पिछले समय की तुलना में प्रदुषण कम हो रहा है। भविष्य में हम प्रदुषण मुक्त रहे इसी जागरूकता को लेकर इस दिवस की महत्व को समझ सकते हैं।

# जयंती विशेष 07 सितंबर




**नीरजा भनोट** *Neerja Bhanot*, जन्म: 7 सितंबर, 1963; 5 सितंबर, 1986) मुंबई में पैन ऐम एअरलाइन्स की विमान परिचारिका थीं। 5 सितंबर, 1986 के पैन ऐम उड़ान 73 के अपहृत विमान में यात्रियों की सहायता एवं सुरक्षा करते हुए वे आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गईं थीं। नीरजा वास्तव में स्वतंत्र भारत की महानतम वीरांगना थीं। आतंकियों से लगभग 400 यात्रियों की जान बचाते हुए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया था। नीरजा भनोट 'अशोक चक्र' पाने वाली पहली महिला थीं। उनकी कहानी पर आधारित 2016 में एक फ़िल्म भी बनी, जिसमें उनका किरदार सोनम कपूर ने अदा किया था।

# TOB खेल कॉर्नर

टेस्ट क्रिकेट में प्रत्येक बल्लेबाजी क्रमांक पर भारत के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी 🇮🇳



**1** - वीरेंद्र सहवाग (**254** रन)

**2** - वीरेंद्र सहवाग (**319** रन)

**3** - वीवीएस लक्ष्मण (**281** रन)

**4** - शुभमन गिल (**269** रन)

**5** - करुण नायर (**303*** रन)

**6** - एमएस धोनी (**224** रन)

**7** - रविंद्र जडेजा (**175*** रन)

**8** - एमएस धोनी (**144** रन)

**9** - जयंत यादव (**104** रन)

**10** - रमाकांत देसाई (**85** रन)

**11** - जहीर खान (**75** रन)

# Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 07.09.2025

## शैक्षिक नैदानिक मूल्यांकन

शैक्षिक नैदानिक मूल्यांकन एक पूर्व-शिक्षण या प्रारंभिक मूल्यांकन है जो छात्रों की शैक्षिक शक्तियों, कमजोरियों, ज्ञान के अंतराल और गलत धारणाओं को मापने के लिए किया जाता है, ताकि शिक्षक एक विशिष्ट विषय पढ़ाने से पहले उनकी सीखने की ज़रूरतों को समझ सकें और उसके अनुसार अपना शिक्षण अनुकूलित कर सकें।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**भास्कराचार्य** ने खगोल शास्त्र के कई सौ साल पहले धरती द्वारा **सूर्य** के चारों ओर चक्कर लगाने में लगने वाले सही समय की गणना की थी। उनकी गणना के अनुसार **सूर्य की परिक्रमा** में पृथ्वी को **365.258756484 दिन** का समय लगता है।

# पद्य पंकज

"

करने वाला इतिहास निर्माता होता है,
सिर्फ सोचते रहने वाला इतिहास के
भयंकर रथचक्र के नीचे पिस जाता है।
इतिहास का रथ वो हाँकता है, जो
सोचता है, और सोचे को करता भी है।


---

**हजारी प्रसाद द्विवेदी**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



विमान परिचारिका, जिन्होंने यात्रियों की रक्षा करने करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

# नीरजा भनोट

की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

7 सितंबर 1963 - 5 सितंबर 1986

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



नीले आसमान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
7 सितंबर
आइए वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को अपनाकर हम नीले
आसमान को संरक्षित करने का संकल्प लें।
Madhu priya
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
साहित्य के लगभग सभी विधाओं में प्रचुर लेखन करने वाले लेखक
सुनील गंगोपाध्याय
की जयंती पर सादर नमन।
जन्म-07 सितम्बर 1934
निधन-23 अक्तूबर 2012
Madhu priya
/teachersofbihar

# बैंक ऑफ इंडिया स्थापना दिवस




**समस्त उपभोक्ताओं एवं बैंक कर्मचारियों को बैंक ऑफ इंडिया के 117वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

Madhu priya

/teachersofbihar